CONCEPT

# NEWS COVERAGE REPORT

# OF

# CULTURE DEPARTMENT

# FOR

# 25 JANUARY 2025

CONCEPT

# DAILY NEWS

## उत्तर प्रदेश दिवस पर बोले मुख्यमंत्री, अगले चार वर्षों में 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनेगा यूपी

| Publication | दैनिक जागरण (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-01 |
|---|---|---|---|---|

# उपराष्ट्रपति ने जताई चिंता, चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहते हैं अवैध प्रवासी

### उप्र स्थापना दिवस समारोह का किया शुभारंभ उत्तर प्रदेश को बताया उद्यम प्रदेश

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में चल रहे घुसपैठियों के मुद्दे को इशारों-इशारों में हवा दी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में करोड़ों की संख्या में अवैध प्रवासियों का होना चिंता की बात है। ये स्वास्थ्य, शैक्षणिक सेवाओं को चुनौती देते हैं, नौकरियों के अवसरों को प्रभावित करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये चुनावी प्रक्रिया को भी प्रभावित करना चाहते हैं। पूरी दुनिया इसे लेकर सचेत हो चुकी है। भारत में इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि करोड़ों की संख्या में अवैध प्रवासी यहां क्यों हैं? इनको लेकर अविलंब कदम उठाने चाहिए। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से देश के विपरीत काम करने वालों और देशहित की न सोचने वालों पर प्रतिघात करने का भी आह्वान किया। घुसपैठियों पर उपराष्ट्रपति की इस टिप्पणी को दिल्ली चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

शुक्रवार को अवध शिल्पग्राम में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ करने के बाद उपराष्ट्रपति ने योगी सरकार के कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूर्व में उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्यों में गिना जाता था। 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद यहां बड़ा बदलाव आया है। कानून व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल बना है। योजनाओं से हर वर्ग को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। युवाओं को उद्यमी बनने के लिए सरकार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश अब उद्यम प्रदेश बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत जब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, तब उसमें उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भी सफल बताया और परिवार सहित एक फरवरी को प्रयागराज जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को देखकर दुनिया हैरान है। दुनिया की बहुत सी संस्थाएं इस सफल आयोजन पर शोध कर रही हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी प्रदेश में हो रहे महाकुंभ के आयोजन का उल्लेख कर लोगों को एकता का संकल्प लेने का संदेश दिया। आयोजन में सीएम युवा ई-पोर्टल को भी लांच किया गया।



अवध शिल्पग्राम में उप्र दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

- उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले-समस्या हल करने के लिए शीघ्र कदम उठाने होंगे
- उप्र ईज आफ डूइंग बिजनेस में 19वें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है

### अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बना उप्र

उपराष्ट्रपति ने कहा कि राज्य सरकार ने चमत्कारी परिवर्तन किया है। एक जमाने में यहां की पहचान खराब कानून व्यवस्था से थी। परंतु अब सुशासन वाले प्रदेश के रूप में होती है। उप्र ईज आफ डूइंग बिजनेस में 19वें स्थान से दूसरे स्थान पर आ गया है और यह अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बन गया है।

### असीमित संभावनाओं का प्रतीक बना उत्तर प्रदेश : योगी आदित्यनाथ

स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2018 में पहला उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। पहले स्थापना दिवस में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना लागू की गई। दूसरे स्थापना दिवस में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रारंभ की गई। अलग-अलग वर्षों में अन्य योजनाओं को भी प्रारंभ किया गया। आज उपराष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ किया गया है। प्रदेश तेजी से प्रगति की राह पर बढ़ रहा है। सरकार की योजनाएं और प्रयास उत्तर प्रदेश को 'उद्यमियों का प्रदेश' और देश के विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज यह प्रदेश असीमित संभावनाओं (अनलिमिटेड पोटेंशियल) का प्रतीक बन गया है। 2016-17 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये की थी, जो अब 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। अगले चार वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डालर की इकोनामी के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिला प्रत्येक के विकास के लिए उत्तर प्रदेश में योजनाएं संचालित हो रही हैं। सभी जनजातीय बंधुओं को योजनाओं का लाभ दिलाया गया है। प्रधानमंत्री के 'जीरो पावर्टी' लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश में सर्वेक्षण चल रहा है। हमारा प्रयास है कि अगले वर्ष जब हम उत्तर प्रदेश दिवस मनाएं, तब हर गरीब के पास सिर छिपाने के लिए छत हो, जमीन का पट्टा हो, आयुष्मान कार्ड और पेंशन जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। हम जाति, भाषा या क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर सबको उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जयवीर सिंह, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, संजय सेठ आदि मौजूद थे।

संबंधित सामग्री >> पेज 2 व सिटी

CONCEPT

| Publication | अमर उजाला (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-02 |
|---|---|---|---|---|

# सालभर में गरीबी खत्म करने का लक्ष्य करेंगे पूरा : योगी

### अवध शिल्पग्राम में शुरू हुए तीन दिवसीय यूपी दिवस समारोह में बोले मुख्यमंत्री

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश नई दिशा में बढ़ रहा है। हम गरीबी खत्म करने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि अगले वर्ष जब हम उत्तर प्रदेश दिवस मनाएं, तब हर जरूरतमंद के पास सिर छिपाने के लिए छत हो, जमीन का पट्टा हो, आयुष्मान कार्ड और पेंशन जैसी सभी सुविधाएं हों। उन्होंने कहा कि हम जाति, भाषा या क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर हर गरीब और वंचित को हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सीएम अवध शिल्पग्राम में यूपी दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम युवा उद्यमी योजना की शुरुआत कर रहे हैं। इसके माध्यम से हम यूपी को उद्यमी प्रदेश बनाएंगे। आठ साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में विरासत का संरक्षण कर उत्तर प्रदेश देश का सबसे बेहतर पर्यटन केंद्र बनाया है।

कानून व्यवस्था को बेहतर बनाकर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य बनाया गया है। यूपी देश का ग्रोथ इंजन बना है। 2017 में हम 12 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था थे। अभी 27 लाख करोड़ की हैं और अगले चार साल में दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनेंगे। कार्यक्रम में परंपरागत शिल्प और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

इसमें वाराणसी की हस्तशिल्पी निशा देवी, गोरखपुर के जीतेन्द्र और आगरा के एमएसएमई पुरस्कार विजेता शिशिर अस्थाना को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही संत कबीर पुरस्कार के लिए गोरखपुर के रजिउल हसन और वाराणसी की अंगिका कुशवाहा को प्रशस्ति पत्र दिया गया।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी ने प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले छह विशिष्ट लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इनमें वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के उद्यमी एवं पर्यावरणविद् हिमांशु गुप्ता, लखनऊ के कृषि उद्यमी मनीष वर्मा, बुलंदशहर की महिला उद्यमी कृष्णा यादव, बुलंदशहर के ही कृषि विशेषज्ञ कर्नल सुभाष देशवाल और बहराइच के केला उत्पादन विशेषज्ञ डॉ. जय सिंह शामिल हैं। इन सभी को उपराष्ट्रपति व सीएम ने 11-11 लाख रुपये, प्रशस्तिपत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

**इन्हें मिला यूपी गौरव सम्मान**

## हर साल बनेंगे एक लाख युवा उद्यमी

सीएम ने कहा कि 2018 में तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक के मार्गदर्शन में पहला उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। आज यह आयोजन अपने सातवे साल में प्रवेश कर रहा है। पहले स्थापना दिवस में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना लागू की गई। दूसरे स्थापना दिवस में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की गई। आज इस अवसर पर उपराष्ट्रपति द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ हो रहा है। इस योजना में हर साल एक लाख युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर मिलेगा। 21 से 40 साल की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। पहले चरण में पांच लाख तक का ऋण और दूसरे चरण में 10 लाख तक का ऋण दिया जाएगा। योजना के तहत अब तक 27500 आवेदन मिले हैं, और 6800 से अधिक युवाओं को 254 करोड़ का ऋण आज स्वीकृत किए गए हैं।

## बीमारू राज्य से अब निवेश का हब बना यूपी : उपराष्ट्रपति

लखनऊ। यूपी दिवस पर अवध शिल्पग्राम में तीन दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हम एक नहीं होंगे तो क्या परिणाम होगा। पूरे देश ने इसे स्वीकार किया है। यूपी पहले बीमारू राज्य था। आज यहां 180 डिग्री बदलाव हुआ है। अब ये निवेश का हब बन चुका है। यूपी में अपराध में काफी गिरावट आई है। इसका यूपी के बाहर भी संदेश जाता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं एक फरवरी को पूरे परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाऊंगा। महाकुंभ में देश की अधिक से अधिक सेवा का संकल्प लूंगा। आज जो योजना यहां शुरू की जा रही है, वह आज की जरूरत है। 10 साल में 10 लाख उद्यमी ही नहीं बनेंगे बल्कि अन्य के लिए रोजगार के अवसर भी तैयार करेंगे। यूपी में यह आसान नहीं, अकल्पनीय था। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चमत्कारी परिवर्तन किया है, वह साधुवाद के पात्र हैं।

**पांच लाभार्थियों को दिया गया युवा उद्यमी योजना में ऋण चेक :** उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल का शुभारंभ किया। पांच लाभार्थियों को चेक दिया। इसमें लखनऊ के आकाश अवस्थी को कंप्यूटर सेंटर चलाने के लिए पहला लोन दिया गया। वहीं अयोध्या के कृष्ण कुमार विश्वकर्मा को, अमरोहा के अमित कुमार को डिजिटल लाइब्रेरी शुरू करने के लिए, अमरोहा की ही सोनल शर्मा को अकाउंटिंग सर्विस शुरू करने के लिए व गोरखपुर के अक्षांश राज सिंह को फ्लोर क्लीनर से जुड़ा काम शुरू करके के लिए चेक दिया गया। योजना में 21 से 40 साल आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। पहले चरण में 5 लाख रुपये तक का ऋण और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा।

## किसान, युवा और उद्यमी विकास के वाहक : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि किसान, युवा और उद्यमी उत्तर प्रदेश के विकास के वाहक हैं। कुंभ का भव्य, डिजिटल आयोजन हो रहा है। यह आयोजन हजारों साल पुरानी सभ्यता का प्रतीक है। वहां अनेकता में एकता है। उन्होंने कहा कि यूपी भारत की आत्मा है। यहां धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास के असीमित अवसर हैं। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में अभिनव कदम उठाए गए हैं, जो अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरक बने हैं।

CONCEPT

| Publication | हिन्दुस्तान (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-01 |
|---|---|---|---|---|

## यूपी दिवसः उपराष्ट्रपति, मुख्यमंत्री ने सीएम युवा योजना का पोर्टल लॉन्च किया


# युवा पांच लाख रुपये तक ब्याजमुक्त कर्ज ले सकेंगे

### सौगात

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को असीमित संभावनाओं वाला राज्य बताते हुए कहा कि इसकी अर्थव्यवस्था अगले चार वर्षों में 'वन ट्रिलियन डॉलर' की हो जाएगी। उन्होंने यूपी के एक लाख युवा उद्यमियों को पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण देने की योजना शुरू कर 25 हजार युवाओं के खाते में 254 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। जल्द 75 हजार और युवा उद्यमियों को यह ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अगले वित्तीय वर्ष से जीरो पावर्टी योजना लागू करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने ये बातें शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय यूपी दिवस समारोह के उद्घाटन समारोह में कहीं। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले इस समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) का शुभारंभ कर ई-पोर्टल लॉन्च किया और 25,000 युवा उद्यमियों को उद्योग की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए।

### प्रति वर्ष एक लाख युवा बन सकेंगे उद्यमी



लखनऊ में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**25** हजार युवाओं के बैंक खाते में 254 करोड़ रुपये जारी किए गए

**75** हजार और युवा उद्यमियों को जल्द ही जारी की जाएगी कर्ज की रकम



“ उत्तर प्रदेश के सभी निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। विश्वास है कि प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

–द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति



“ राज्य के सभी भाई बहनों को ढेरों शुभकामनाएं। भरोसा है कि हमारा प्रिय प्रदेश विकसित भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान देगा। –नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अवैध शरणार्थियों को गंभीरता से लेना होगा : उपराष्ट्रपति

लखनऊ। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूपी दिवस समारोह के दौरान देश में गैर कानूनी रूप से रह रहे शरणार्थियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि वे व्यवस्थाओं को चुनौती दे रहे हैं। चुनाव के खेल में हिस्सेदार बनाने की सोच रहे हैं। पूरी दुनिया सचेत हो चुकी है, हमें भी इसे गंभीरता से लेना होगा। हमें कठोर कदम उठाना होगा। हर हाल में प्रतिकार करना होगा।

› ब्योरा P08

**प्रतिवर्ष बनेंगे 1 लाख युवा उद्यमी:** योगी ने कहा कि इस योजना के तहत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को उद्यमी बनने का मौका मिलेगा। 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। पहले चरण में पांच लाख तक और दूसरे चरण में 10 लाख तक का ऋण मिलेगा। योजना के तहत अब तक 27,500 आवेदन मिल चुके हैं। अभी तक 254 करोड़ का कर्ज मंजूर हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जीरो पावर्टी' लक्ष्य पाने के लिए प्रदेश में सर्वेक्षण चल रहा है। अगले वर्ष जब हम उत्तर प्रदेश दिवस मनाएंगे, तब हर गरीब के पास सिर छिपाने के लिए छत हो जाएगी। जमीन पट्टा हो, आयुष्मान, पेंशन जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यूपी सरकार जाति, भाषा या क्षेत्र के भेदभाव से उठकर हर गरीब, वंचित को हक दिलाने को प्रतिबद्ध है।

› छह विभूतियों का सम्मान P08

CONCEPT

| Publication | राष्ट्रीय सहारा (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-01 |
|---|---|---|---|---|

# प्रयागराज का महाकुम्भ देख पूरी दुनिया आश्चर्यचकित : धनखड़

लखनऊ (एसएनबी)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आठ साल में यूपी उत्तम प्रदेश वन चुका है और अव यह उद्यम प्रदेश वनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि वे दृढ़संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समर्पित हैं।



**उप राष्ट्रपति ने सीएम योगी के महाकुम्भ आगमन के निमंत्रण को स्वीकारा**

**किसान, युवा और उद्यमी उत्तर प्रदेश के विकास के वाहक : राज्यपाल**

उप राष्ट्रपति ने महाकुम्भ की चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है कि प्रयागराज में वड़ा आयोजन आखिर कैसे इतने सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में अपराध में आई गिरावट की तारीफ की और कहा कि इससे ईज ऑफ डुइंग विजनेस में उल्लेखनीय उछाल आया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नारे 'वंटेंगे तो कटेंगे' का समर्थन करते हुए कहा कि उनके इस विचार को पूरे देश ने समर्थन दिया है। उप राष्ट्रपति ने देश में अवैध शरणार्थियों की मौजूदगी पर भी चिंता व्यक्त की।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदी वेन पटेल ने इस अवसर पर अपने संवोधन में कहा कि अपने दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासों से यूपी नित नया कीर्तिमान रच रहा है। ये गौरवपूर्ण अवसर है। यूपी ने 2018 से स्थापना दिवस को उत्सव और भव्यता के साथ मनाने की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यूपी भारत की आत्मा है। यहां धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास के असीमित अवसर हैं।

CONCEPT

| Publication | राष्ट्रीय सहारा (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-02 |
|---|---|---|---|---|

# यूपी स्थापना दिवस पर राज्य को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें : योगी



लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश वासियों को राज्य के 76वें स्थापना दिवस की वधाई दी और मिलकर उत्तर प्रदेश को 'विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश' वनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' वधाई संदेश में कहा कि 'रघुकुलनंदन' प्रभु श्री राम एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, वावा श्री विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित, सृजन, संस्कृति, संस्कार व शौर्य की गौरवशाली धरा उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक वधाई!' उन्होंने कहा 'आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में नए भारत का 'ग्रोथ इंजन' नया उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है।'

**उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आइए, हम सव मिलकर उत्तर प्रदेश को 'विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश' वनाने का संकल्प लें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, 'उन्नति के रथ पर, वदलाव के पथ पर उत्तर प्रदेश मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम व लीलाधर श्री कृष्ण की जन्मभूमि, महाकुम्भ की धरती तथा विविधता में एकता को समेटे लोक कला, संस्कृति, धर्म, संस्कार एवं अपने ऐतिहासिक शौर्य गाथा से परिपूर्ण वीर धरा हमारे उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर आप सभी के विकास, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए संकल्प वद्ध है।

उत्तर प्रदेश का गठन 24 जनवरी 1950 को हुआ था, लेकिन इसका स्थापना दिवस 2018 से मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक की पहल पर इसकी शुरुआत हुई। मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार वनने के कुछ माह वाद ही सरकार ने स्थापना दिवस समारोह मनाने की घोषणा की थी और अगले वर्ष से लगातार यह समारोह आयोजित किया जा रहा है।

# CONCEPT

| Publication | राष्ट्रीय सहारा (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-02 |
|---|---|---|---|---|

# यूपी दिवस राज्य की समृद्धि व गौरव का उत्सव : CM

**अगले चार वर्षों में 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था का बनेगा प्रदेश**

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से प्रतिवर्ष बनेंगे 1 लाख युवा उद्यमी**

**'जीरो पावर्टी' लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा प्रदेश**

लखनऊ (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को समर्पित उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारंभ लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में हुआ। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की लॉन्चिंग की गई और 25,000 युवा उद्यमियों को उनके उद्यम की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रदेश छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। योगी ने कहा कि यह वर्ष विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित संविधान 26 नवंबर 1950 को संविधान सभा को सौंपा गया था। इस संविधान को लागू करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। साथ ही 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी। यह दिन हमारे लिए गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से प्रतिवर्ष बनेंगे 1 लाख युवा उद्यमी बनेंगे। दूसरे स्थापना दिवस में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रारंभ की गई। इस अवसर पर 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। अगले 4 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उप्र वन ट्रिलियन डॉलर के इकोनॉमी के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के शासन की योजना को पहुंचाने का काम चल रहा है।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री व पूर्व राज्यपाल ने दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर देश के शीर्ष नेताओं ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक विकास पर अग्रसर के साथ सुख समृद्धि की मंगल कामनाएं की। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में यह राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के अपने सभी भाई-बहनों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति में अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित नए अध्याय रचने में जुटी है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि धर्म, ज्ञान और समृद्ध सांस्कृतिक विरासतों की भूमि उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की समृद्ध प्रकृति, संस्कृति और संस्कारों का प्रतीक है। पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने रोटी के लिए प्रदेश के बाहर जा बसे उत्तर भारतीयों को भी स्थापना दिवस की बधाई दी है। लगातार आठ साल से इस तरह उत्तर प्रदेश दिवस मनाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी सरकार अभिनंदन के हकदार है।

CONCEPT

| Publication | राष्ट्रीय सहारा (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-02 |
|---|---|---|---|---|

# छह लोगों को मिला 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान'

लखनऊ (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को समर्पित उत्तर प्रदेश दिवस समारोह की भव्य शुरुआत लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में शुक्रवार को हुई। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की शुरुआत की गई और 25,000 युवा उद्यमियों को उनके उद्यम की स्थापना के लिए ऋण एवं स्वीकृति पत्र बांटे गए। समारोह के दौरान छह लोगों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' प्रदान किया गया। कार्यक्रम में योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है। उन्होंने प्रदेशवासियों को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' से सम्मानित छह विशिष्ट व्यक्तियों में वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के उद्यमी एवं पर्यावरणविद् हिमांशु गुप्ता, कानपुर के कृषि उद्यमी मनीष वर्मा, बुलंदशहर की महिला उद्यमी कृष्णा यादव, बुलंदशहर के ही कृषि विशेषज्ञ कर्नल सुभाष देशवाल और बहराइच के केला उत्पादन विशेषज्ञ डॉ. जय सिंह शामिल हैं। इन सभी को उपराष्ट्रपति ने 11 लाख रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने 'सीएम युवा' के ई-पोर्टल की शुरुआत की। इस योजना के तहत 21 से 40 साल की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा।

> वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के उद्यमी एवं पर्यावरणविद् हिमांशु गुप्ता, कानपुर के कृषि उद्यमी मनीष वर्मा, बुलंदशहर की महिला उद्यमी कृष्णा यादव, बुलंदशहर के ही कृषि विशेषज्ञ कर्नल सुभाष देशवाल और बहराइच के केला उत्पादन विशेषज्ञ डॉ. जय सिंह को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया यूपी गौरव सम्मान



पहले चरण में पांच लाख रुपये तक और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। अब तक 27,500 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 254 करोड़ का ऋण मंजूर किया गया है। कार्यक्रम में पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए, जिनमें लखनऊ के आकाश अवस्थी, अयोध्या के कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, अमरोहा के अमित कुमार और सोनल शर्मा तथा गोरखपुर के अक्षांश राज सिंह शामिल हैं। इस दौरान परंपरागत शिल्प और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाले कई व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें वाराणसी की निशा देवी, गोरखपुर के जीतेंद्र और आगरा के एमएसएमई पुरस्कार विजेता शिशिर अस्थाना प्रमुख हैं। इसमें कहा गया है कि संत कबीर पुरस्कार के लिए गोरखपुर के रजिउल हसन और वाराणसी की अंगिका कुशवाहा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। उत्तर प्रदेश का गठन 24 जनवरी 1950 को हुआ था, लेकिन इसका स्थापना दिवस 2018 से मनाया जा रहा है।

CONCEPT

| Publication | नवभारत टाइम्स (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-01 |
|---|---|---|---|---|

उपराष्ट्रपति ने यूपी दिवस समारोह में कहा-

# 'गैरकानूनी शरणार्थियों को जल्द रोकना होगा'


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में करोड़ों गैरकानूनी शरणार्थी रह रहे हैं जो हमारी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को चुनौती दे रहे हैं। ये नौकरियों पर असर डालते हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। अब तो ये चुनाव में भी भूमिका निभाने की सोच रहे हैं। दुनिया भर में यह बात आगे बढ़ रही है। भारत में भी इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इनको रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने होंगे।

उपराष्ट्रपति शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में आयोजित यूपी के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें भारत की तरक्की पचा नहीं पा रही हैं। देश की अस्मिता और स्थिरता के लिए हमें इनके खिलाफ सख्त कदम उठाने होंगे। कोई भारत विरोधी ताकतों के साथ काम कर रहा है तो उसे निष्क्रिय करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। धनखड़ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ सीएम युवा उद्यमी अभियान व उसका पोर्टल लॉन्च किया। छह लोगों को 11-11 लाख रुपये के यूपी गौरव सम्मान से नवाजा।

**'योगी के विचार पूरे देश ने समझे'**

उपराष्ट्रपति ने यूपी के कायाकल्प का श्रेय योगी को देते हुए उनकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि देश और व्यक्ति के जीवन में ऐसे मौके आते हैं जब हालात चुनौतीपूर्ण हों, तब बात असरदार और धारदार होनी चाहिए। बात से संकेत नहीं स्पष्ट संदेश देना होता है। योगीजी ने संदेश दिया कि अपनों के साथ नहीं खड़े होंगे तो मौका आने पर आपके साथ कोई खड़ा नहीं होगा। हम एक नहीं होंगे तो उसके क्या दुष्परिणाम होंगे, इस विचार को पूरे देश ने समझा। उसके बाद परिणाम भी बदले। आज यूपी राजधर्म और जनकेंद्रित शासन की प्रयोगशाला बन गया है। एक समय इसकी पहचान बीमारू राज्य की थी। आज कोई इसका जिक्र भी नहीं करता क्योंकि परिवर्तन का पहिया 180 डिग्री घूम चुका है।



कानपुर के मनीष वर्मा को यूपी गौरव सम्मान से नवाजा गया।

## उद्यमी प्रदेश की ओर बढ़ेगा यूपी : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि युवा उद्यमी विकास अभियान यूपी को उद्यमी प्रदेश बनाने की राह पर आगे बढ़ाएगा। योजना के तहत अब तक 27,500 आवेदन आ चुके हैं। 21 से 40 साल के 1 लाख युवाओं को हर वर्ष इससे जोड़ा जाएगा। योजना के लॉन्च होते ही 6,800 से अधिक युवाओं के खाते में लोन के रूप में 254 करोड़ रुपये ट्रांसफर हो गए हैं। उपराष्ट्रपति ने प्रतीकात्मक तौर पर लखनऊ के आकाश अवस्थी सहित पांच युवा उद्यमियों को लोन के चेक भी वितरित किए।

## 'सांस्कृतिक मौलिकता विश्व के लिए आश्चर्य'

यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विकास के क्षेत्र में यूपी देश में अग्रणी राज्य तो है ही समूचे विश्व के लिए अपनी सांस्कृतिक मौलिकता के कारण भी आश्चर्य बना हुआ है। यूपी नवाचार में अग्रणी राज्य की भूमिका निभा रहा है। यूपी की असली शक्ति यहां के लोगों की कार्यकुशलता के साथ कठिन परिश्रम है। किसान, महिला, युवा हर वर्ग विकास यात्रा का हिस्सा है। हर व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य व आत्मनिर्भरता का समान अवसर मिले, ऐसा यूपी बनाने का हम संकल्प लें।

CONCEPT

| Publication | अमृत विचार (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-02 |
|---|---|---|---|---|

# उप्र बन रहा उद्यम प्रदेश, योगी ने बदला माहौल : धनखड़

## उप राष्ट्रपति ने उप्र दिवस के तीन दिवसीय समारोह का किया उद्घाटन, कहा- 1 फरवरी को परिवार के साथ करेंगे महाकुंभ स्नान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उत्तम प्रदेश बनने के बाद उत्तर प्रदेश तेजी से उद्यम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। विकास का यह माहौल अपने दृढ़संकल्प और ईमानदार नेतृत्व से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बनाया है। कहा कि वह 1 फरवरी को परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचकर संगम में डुबकी लगाएंगे।

वे शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राजधानी के अवध शिल्पग्राम में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उप राष्ट्रपति ने महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है कि प्रयागराज में इतना बड़ा आयोजन आखिर कैसे इतने सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में अपराध में आई गिरावट की तारीफ की और कहा कि इससे ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में उल्लेखनीय उछाल आया है। कहा कि यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान से 10 लाख उद्यमी ही नहीं बनेंगे, बल्कि ये औरों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे।

इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान व जयवीर सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, संजय सेठ, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।




मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को ऋण प्रदान करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, साथ में मुख्यमंत्री योगी।

### विकास के वाहक हैं किसान, युवा और उद्यमी : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि किसान, युवा और उद्यमी प्रदेश के विकास के वाहक हैं। अपने दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासों से उप्र नित नया कीर्तिमान रच रहा है। उप्र भारत की आत्मा है। प्राचीन गौरव को बनाए रखने के साथ विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

### एक लाख युवा हर वर्ष बनेंगे उद्यमी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2018 में तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक के मार्गदर्शन में पहला उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। आज यह आयोजन अपने 7वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस दौरान साल दर साल कई योजनाओं की शुरुआत गिनाते हुए योगी ने कहा कि उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरूआत की है। इससे प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर मिलेगा। पहले चरण में 5 लाख तक का ऋण और दूसरे चरण में 10 लाख तक का ऋण दिया जाएगा।

### लखनऊ के आकाश और अयोध्या के कृष्ण को मिला चेक

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल को लांच किया। योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनाना है। 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए। इनमें लखनऊ के आकाश अवस्थी, अयोध्या के कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, अमरोहा के अमित कुमार और सोनल शर्मा तथा गोरखपुर के अक्षांश राज सिंह शामिल हैं।

| Publication | आज (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-01 |
|---|---|---|---|---|

# हर साल एक लाख युवा बनेंगे उद्यमी-योगी

## उत्तर प्रदेश दिवस में बोले मुख्यमंत्री

आज समाचार सेवा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहाकि 1775 से 1833 तक यह क्षेत्र फोर्ट विलियम (बंगाल) के अधीन था। 1834 में इसे बंगाल से अलग कर आगरा प्रेसिडेंसी बनाया गया और 1836 में इसका नाम नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज पड़ा। 1902 में इसे नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध और 1937 में %यूनाइटेड प्रोविंसेज% नाम दिया गया। अंतत: 24 जनवरी 1950 को इसे उत्तर प्रदेश के नाम से पहचाना गया। आज यह प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रतीक बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2018 में तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक के मार्गदर्शन में पहला



उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। आज यह आयोजन अपने 7वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उत्तर प्रदेश ने इस दौरान कई योजनाओं की शुरुआत की। पहले स्थापना दिवस में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना लागू की गयी। दूसरे स्थापना दिवस में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रारंभ की गई। अलग-अलग वर्षों में अन्य योजनाओं को भी प्रारंभ किया गया। सीएम योगी ने कहा कि आज के इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के कर कमलों से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ हो रहा है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर मिलेगा। 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। पहले चरण में 5 लाख तक का ऋण और दूसरे चरण में 10 लाख तक का ऋण दिया जाएगा। इस योजना के तहत अब तक 27,500 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, और 254 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया है। उत्तर प्रदेश दिवस आगामी 26 जनवरी तक मनाया जायेगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपराज्यपाल जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की लॉन्चिंग की गई और 25,000 युवा उद्यमियों को उनके उद्यम की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रदेश के छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया गया। सीएम योगी ने कहा कि 2016-17 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये की थी, जो अब 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। अगले 4 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर के इकोनॉमी के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी आध्यात्मिक विरासत को सहेजते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाकर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य बनाया गया है। यह देश का फूड बास्केट बन चुका है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और मेट्रो नेटवर्क के मामले में यह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

CONCEPT

| Publication | Inext (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 25 JAN 2025 | Page-04 |
|---|---|---|---|---|



# चार साल में यूपी वन ट्रिलियन इकोनॉमी

## यूपी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया

यूपी दिवस 2025

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (24 Jan):

